Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding implementation of Central Government Schemes in Madhya Pradesh.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया ।

महोदय, सर्वप्रथम मैं भारतीय जनता पार्टी के इन चार राज्यों में प्रचंड जीत के लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी.नड्डा जी, सम्माननीय श्री अमित शाह जी व वरिष्ठ नेतृत्व और कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूँ ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ कि मेरे द्वारा रखी गई, मेरे संसदीय क्षेत्र गुना लोक सभा की क्षेत्रीय माँगों को स्वीकृति प्रदान की गई, परंतु प्रशासनिक व अन्य कारणों से उन योजनाओं व स्वीकृत सुविधाओं का क्रियान्वयन आज तक नहीं हो पाया है । इसमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य के क्षेत्र में एन.एच.एम. के माध्यम से सभी जिला अस्पतालों की चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि, अशोक नगर में केन्द्रीय विद्यालय का निर्माण सुप्रीम है । क्रांतिवीर तात्या टोपे जी का विश्वस्तरीय संग्राहलय का निर्माण तथा गुना में पासपोर्ट सेवा केन्द्र का निर्माण भी सुप्रीम है । माधव नेशनल पार्क में टाइगर सफारी संचालित करना तथा और अन्य कई कार्य हैं, जो स्वीकृत हुए हैं, परंतु धरातल पर आज तक ठीक से क्रियान्वयन नहीं हुए हैं ।

महोदय, आपके माध्यम से सरकार से मेरा निवेदन है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में केन्द्र की योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी को तत्काल संज्ञान में लेकर गंभीरता से विचार करते हुए, उचित व आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट करें ।